बाबा तुझसा ना कोई | By Manoj Aggarwal

गुण तेरा गाऊं शीश झुकाऊं बोलू जय जयकार
श्याम तुझसा ना कोई बाबा तुझसे ना कोई

दानियों में दानी नहीं मेरे बाबा श्याम सा
शीश का दान देके किया एहसान था
कलयुग में तेरा डंका बाजे गूंजे जय जयकार
श्याम तुझसा ना कोई बाबा तुझसे ना कोई

गर तू ना होता श्याम हमारा क्या होता
जग से जो हारा अपनी किस्मत पे रोता
हारे को तूने जीत दिलाकर किया बड़ा उपकार
श्याम तुझसा ना कोई बाबा तुझसे ना कोई

मोरछड़ी तेरी बाबा बड़ी जादूगरी
दु:ख तकलीफ इसके आगे आके हारी
यूँ ही नहीं बाबा दुनिया कहती तुझको तारणहार
श्याम तुझसा ना कोई बाबा तुझसे ना कोई

रूबी रिधम ने दर पे माथा जो टेका
पता ना चला कैसे बदली हाथों की रेखा
जीवन भर सेवा में रखना हमको लखदातार
श्याम तुझसा ना कोई बाबा तुझसे ना कोई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-by-manoj-aggarwal/